हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 10 मई 2024

04 चार केंद्रों पर आज पुनर्मतदान, सुबह सात...



07 बेटा बावर्ची ने पचमढ़ी टाइगर क्लब को हराकर...





# प्यासा सोहागपुर: चार दिन से भीषण गर्मी में बूंद-बूंद पानी को तरस रहे नगरवासी

## नगर परिषद ने टैंकरों से पानी की कराई सप्लाई, दिखावा साबित हुई करोड़ों की नर्मदा जल योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर नगर में पानी की किल्लत ऐसी देखी जा रही है जो कि दशकों पहले सुविधा विहीन गांवों में होती थी। मैने सोहागपुर जैसा नजारा सागर जिले की नरयावली विधान सभा में देखा है जहा सैकड़ों की तादाद में महिलाएं एक टैंकर के पीछे कतार बद्ध होकर पानी भरती है। ऐसे में ये प्रश्न वाजिब हो जाता है कि जिम्मेवार सिर्फ सफेदी धारण करने के लिए जनता के सामने करबद्ध होते हैं या फिर इनकी कोई नैतिक जिम्मेदारी भी होती है।



सोहागपुर के अंबेडकर वार्ड में एक 5 साल की बच्ची अपनी प्यास बुझाने के लिए अपने सिर पर पानी का गुंड रखकर उसकी टपकती बूंदों से अपनी किस्मत को धोती नजर आ रही है लेकिन जवाबदार अपने रवैए में कोई परिवर्तन करते हुए नही दिख रहे जोकि राजनीति को गंदी मानसिकता का करार कहते है। सोहागपुर में नर्मदा जल योजना के तहत एक निजी कंपनी द्वारा संपूर्ण नगर में खुदाई कर पाइपलाइन डाली गई थी। योजना ने नगर में करोड़ों की बनी बनाई पक्की सड़कों को तहस-नहस कर दिया। सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना में दावा किया गया था कि शीघ्र ही नगर वासियों को घर-घर नर्मदा जल मिलेगा। योजना लगभग पूर्ण हो चुकी है परंतु आज भी नगरवासी नर्मदा जल के लिए तरस रहे हैं बिना किसी तैयारी के नर्मदा जल के अधिकारियों ने नगर पंचायत की सहमति के बाद नगर में पानी सप्लाई प्रारंभ कर दी परंतु लोगों को पर्याप्त पानी नहीं दिया जा रहा। साथ ही कई वार्डों में चार-चार दिन में एक बार पानी मिलता है इस संबंध में जब नर्मदा जल योजना के सुपरवाइजर विकास से बात हुई तो उनका कहना था कि ईश्वरपुर में परियोजना का इंटेक्बेल बना है यहां मशीनों को बिजली के द्वारा चालू करके पानी भरा जाता है जहाँ से सोहागपुर नगर स्थित टंकी में पानी पहुंचाया जाता है। बिजली न मिलने के कारण हम लोगों को पानी नहीं दे पा रहे हैं। बिजली से समस्या हो रही है।

इस मामले में जब नगर परिषद के अधिकारियों से बात की तो उन्होंने बताया कि यदि नर्मदा जल योजना के अधिकारी ठीक से सप्लाई नहीं कर पा रहे हैं तो वह हमें लिखित में सूचना दें जिससे हम अपने पम्पों, पानी की टंकी और बोरिंग से नागरिकों को पानी उपलब्ध करवा देंगे। जहां पर पानी की समस्या आ रही है वहां पर हम टैंकरों से सप्लाई कर रहे हैं। परंतु समस्या यह है दोनों विभाग के संबंधित जिम्मेदार अधिकारी आम नागरिकों की समस्या का समाधान नहीं कर पा रहे है और इस भीषण गर्मी में लोग बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं।

गुरुवार को नगर के सुभाष वार्ड और अंबेडकर वार्ड के नागरिक पानी के लिए परेशान होते देखे गए छोटे-छोटे बच्चे बर्तनों में टैंकरो से पानी ढोकर तपती गर्मी में घर ले जाते हुए देखे गए, तो वही वार्ड के महिलाएं एवं पुरुष टैंकर में पाइप लगाकर बाल्टियों एवं कुप्पों में पानी भर रहे थे। आमतौर पर ऐसा माहौल 10/ 15 साल पहले देखने को मिलता था परंतु नगर में ऐसा नजारा आमतौर पर प्रतिदिन दिखाई दे रहा है जिसकी चिंता जन प्रतिनिधियों सहित अधिकारियों को नहीं है नर्मदा जल परियोजना से समय पर पानी न मिलने की शिकायत लिखित में भी नागरिकों ने नगर परिषद को की है नागरिकों का कहना है नगर परिषद पानी का टैक्स लेती है यदि थोड़ी बहुत राशि जमा करने से बच जाती है तब राशि जमा न करने पर नेशनल लोक अदालत के नोटिस भेज देती है और प्रताड़ित करती है यह नगर परिषद की जिम्मेदारी है कि नागरिकों को अत्यंत आवश्यक सेवा जल की आपूर्ति निर्बाध रूप से संपन्न करें। नागरिकों ने मांग की है की नगर परिषद स्वयं के नलकूपों से ही पूर्व की तरह पानी देने की व्यवस्था करें जिससे इस भीषण गर्मी में आम नागरिकों को राहत मिले। वही नगर के कुछ लोगों का कहना है कि नगर परिषद की पाइपलाइन से भी उनके घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है क्योंकि उनका घर ऊंचाई पर स्थित है। ऐसे में जिन घरों तक नगर परिषद के पाइपलाइन से भी पानी नहीं पहुंचता है उनके लिए तो यह गर्मी किसी बड़ी मुसीबत से कम नहीं है।

### इनका कहना है...

ईशरपुर स्थित इंटेकबेल की विद्युत सप्लाई ग्रामीण क्षेत्र से जुड़ी होने के चलते इन दोनों पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है। जिसके कारण पानी की सप्लाई सुचारू रूप से नहीं चल पा रही है। पर्याप्त बिजली मिलने पर से चारु रूप से पानी की सप्लाई जारी रहेगी।

**विकास विश्वकर्मा**, प्रबंधक, नर्मदा जल योजना सोहागपुर

नर्मदाई जल योजना वालों के द्वारा पानी की सप्लाई की जा रही है जहां पर उनके द्वारा सप्लाई नहीं की जाती वहां नगर परिषद के पंपों द्वारा पानी की सप्लाई की जाती है। जहां अधिक समस्या आ रही है वहां टैंकरों से पानी की सप्लाई हो रही है।

**जीएस राजपूत**, सीएमओ सोहागपुर

## कलेक्टर ने जिला स्तर से लेकर ब्लॉक, ग्राम, वार्ड स्तर पर किया गठन

# 'जिले में बाल विवाह न हो इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करें'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 का उक्तानुसार पालन सुनिश्चित कराने के लिए कलेक्टर सोनिया मीना ने जिला, ब्लॉक, ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर पर निगरानी दलो का गठन किया है। जिला स्तर पर गठित निगरानी दल में अध्यक्ष कलेक्टर होंगी, सदस्य गण पुलिस अधीक्षक, सीईओ जिला पंचायत, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी/जिला परियोजना समन्वयक, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद, जिला समन्वयक नेहरू युवा केन्द्र, प्रशासक वन स्टाप सेंटर, समन्वयक चाइल्ड लाइन एवं सत्यार्थी फाउण्डेशन सदस्य तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास सदस्य सचिव रहेंगे। इसी तरह से ब्लॉक स्तर पर गठित निगरानी दल में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अध्यक्ष, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, तहसीलदार, खंड चिकित्सा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी/बीआरसी, विकासखंड समन्वयक जन अभियान परिषद, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक नेहरू युवा केन्द्र, पैरालीगल वालेटियर विधिक सेवा एवं स्वैच्छिक संगठन के प्रतिनिधि सदस्य तथा परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है। इसी तरह से ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तरीय निगरानी दलो में पंचायत स्तर सरपंच / वार्ड परिषद को अध्यक्ष, पंचायत सचिव, पटवारी, शिक्षक समस्त, एएनएम स्वास्थ्य विभाग, मातृ सहयोगिनी समिति, शौर्य दल सदस्य एवं स्व सहायता समूह की महिलायें सदस्य तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तरीय दल के लिए सदस्य, सचिव नियुक्त किया गया है।

> विवाह मुहूर्तो एवं अन्य प्रमुख सामाजिक अवसरों व तिथियों पर एकल अथवा सामूहिक विवाहों का आयोजन किया जाता है। विवाह के लिए लड़के की उम्र 21 एवं लड़की की उम्र 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। यह बात बैठक में कलेक्टर सोनिया मीना ने कही।

### बाल विवाह रोकने नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करें


कलेक्टर सोनिया मीना ने निर्देशित किया है कि जिला, ब्लॉक, पंचायत/वार्ड स्तर पर गठित निगरानी दल प्रमुख रूप से यह सुनिश्चित करे की जिले में बाल विवाह न हो इसके लिए अपने-अपने क्षेत्राधिकार में व्यापक प्रचार प्रसार करे तथा हर स्तर पर बाल विवाह रोकने के लिए नियमानुसार कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करे। इसके साथ ही कलेक्टर ने विवाह पत्रिका छापने बाले सभी प्रिंट मालिको, आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओ से कहा है कि वे बर-वधु की आयु के दस्तावेदज देखे ताकि बाल विवाह न हो।

इसी तरह से सर्व संबंधितो को भी निर्देशित किया गया है कि वे होने वाले विवाह समारोहो में यह सुनिश्चित करे कि बाल विवाह न हो। उक्त कार्यवाही में गठित निगरानी दल सामूहिक विवाह समारोह में यह सुनिश्चित करे कि होने वाले विवाह में कोई भी वर-वधू अवस्यक न हो इसके लिए वे जन्म प्रमाण पत्र सहित अन्य उम्र संबंधी दस्तावेजो का परीक्षण करे। दस्तावेजो में जन्म प्रमाण पत्र, स्कूल की अंक सूची, आंगनबाड़ी केन्द्र में दर्ज रिकार्ड ही मान्य होगा। गठित निगरानी दल बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर आपसी समन्वयक से तत्काल प्रभावी कार्यवाही करें। विवाह पंजीयन के तहत प्रत्येक विवाह आयोजन का पंचायत, नगरीय निकाय में शत प्रतिशत संधारण सुनिश्चित किया जाए। निगरानी दल यह भी सुनिश्चित करे कि वे प्रिटिंग प्रेस, हलवाई, कैटरर, धर्मगुरू, बैण्ड वाले, ट्रांसपोर्ट एवं समाज प्रमुखो से उम्र के प्रमाण के लिए गए प्रमाणो का स्पष्ट उल्लेख करने के लिए जिले के समस्त प्रिटिंग प्रेस को आवश्यक दिशानिर्देश जारी करे। गठित निगरानी दलो को निर्देशित किया गया है कि वे विवाह की सूचना प्राप्त होने पर इसकी सूचना जिला स्तरीय समिति, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास जिला नर्मदापुरम को देना सुनिश्चित करें।

गठित निगरानी दलो से यह भी कहा गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में बाल विवाह के दुष्परिणामों से परिचित कराने के लिए जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करे। चाइल्ड लाइन नंबर 1098, हैल्प लाइन नंबर 181 या पुलिस के 100 नंबर का प्रचार-प्रसार करे और बताए कि बाल विवाह यदि हो रहा है तो उक्त नंबरो पर सूचना दें। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

# आरटीओ ने की यात्री वाहनों पर चालानी कार्रवाई, 11 बसों से 15500 रुपए वसूले

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




कलेक्टर के आदेश के परिपालन में बुधवार-गुरुवार की दरमियान आरटीओ अधिकारी निशा चौहान के नेतृत्व में आरटीओ जांच दल द्वारा नर्मदापुरम शहर के अलग - अलग जगहों पर यात्री वाहनों की जांच की गई। रात 9 बजे से 1 बजे तक शहर में प्रवेश करने वाली बसों की सघन जांच करते हुए यात्रियों से आरटीओ अधिकारी ने चर्चा करते हुए उन्हें मिलने वाली सुविधाओं का पता किया। साथ ही शिकायत प्राप्त हुई बसों से किराया वापस करवाया गया तथा परमिट शर्तो के उल्लघंन की धारा के तहत चालान वसूला गया। जिन बसों में यात्रियों से अधिक किराया लिया जा रहा था, उन बसों का चालान किया गया। कुल 25 बसों की जांच में 11 बसें नियमों का पालन न करते हुए तथा परमिट शर्तो का उल्लघंन करते हुए पाई गई, जिन पर चालानी कार्यवाही करते हुए 15500 की चालानी की गई। आरटीओ अधिकारी द्वारा बताया गया की जिले की प्रत्येक तहसीलों में आरटीओ जांच टीम पहुंचकर बस संचालक द्वारा की जा रही अधिक किराए की वसूली के विरुद्ध चालानी कार्यवाही लगातार की जाएगी।

# कलेक्टर ने 6 प्रकरणों में वाहनों को राजसात करने के दिए आदेश

## अवैध शराब परिवहन करने पर की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर एवं न्यायालय कलेक्टर नर्मदापुरम पीठासीन अधिकारी सोनिया मीणा द्वारा मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 2000 की धारा 34 (2) के तहत अवैध शराब के परिवहन में उपयोग होने वाले छह वाहनों को राजसात करने के आदेश आदेश पारित किए गए।




जानकारी के अनुसार थाना देहात नर्मदापुरम अंतर्गत माखननगर निवासी राजेश सराठे आत्मज रामेश्वर सराठे के वाहन क्रमांक एमपी 05 सीए 0437 को देसी मदिरा 270 बल्क लीटर का अवैध परिवहन करने के कारण राजसात करने के लिए आदेश दिए गए। इसी प्रकार थाना सोहागपुर अंतर्गत ग्राम तुराखापा तहसील सोहागपुर निवासी सोहम पारधी आत्मज सागर पारधी के वाहन मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 05 एम एन 4148 को कच्ची मदिरा 60 बल्क लीटर का अवैध परिवहन करने के लिए, थाना देहात नर्मदापुरम अंतर्गत माखननगर निवासी माही और नर्मदाप्रसाद आत्मज किशन अहिरवार के वाहन मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 05 एम.एक्स 3596 को देसी मदिरा 54 बल्क लीटर के अवैध परिवहन करने पर, थाना कोतवाली नर्मदापुरम अंतर्गत बुधनी निवासी लक्ष्मी केवट पत्नी राजाराम के वाहन क्रमांक एमपी 04 एचबी 0810 को देसी मदिरा 54 बल्क लीटर के अवैध परिवहन करने पर, थाना कोतवाली नर्मदा पुरम अंतर्गत नर्मदा पुरम निवासी शिवम कुचबंदिया पिता हुकुमचंद कुचबंदिया के वाहन क्रमांक एमपी 05 एम एक्स 6649 को देसी मदिरा 54 बल्क लीटर का अवैध परिवहन करने पर तथा आबकारी व्रत पिपरिया अंतर्गत बनखेड़ी निवासी गणेशाराम आत्मज सुंदरलाल के वाहन क्रमांक एमपी 05 एडी 1062 को हाथ भट्टी महुआ शराब 60 बल्क लीटर का अवैध परिवहन करने पर जप्तशुदा शराब सहित वाहन को राज्य साथ करने के लिए आदेशित किया गया है।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव आज से शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

वैशाख शुक्ल अक्षय तृतीया पर माखन नगर ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह का आयोजन परसराम भवन पटेल मोहल्ला में शुक्रवार से किया जा रहा है।

अक्षय तृतीया को शुक्रवार से परशुराम भवन में भगवान परशुराम की पूजन की जाएगी। 11 तारीख शनिवार को विनीत मंडल द्वारा सुमधुर भजन की प्रस्तुति की जाएगी वहीं रविवार को 12 बजे से सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंडल द्वारा 3 वर्ष से 10 साल की बालिकाओं की लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं मेहंदी रंगोली एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी 13 तारीख सोमवार को 2 बजे से महिला मंडल द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया है। 4 बजे से परशुराम भवन पटेल मोहल्ला से विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए वापस परशुराम भवन पटेल मोहल्ला पहुंचेगी यहां पर भगवान परशुराम की पूजन आरती कर भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया है सर्व ब्राह्मण समाज ने सभी विप्र जनों से चार दिवसीय कार्यक्रमों में परिवार सहित शामिल होने का आग्रह किया है।

### 95 श्रमिकों को 9 लाख रुपए का कराया गया भुगतानः सहायक श्रमायुक्त

**नर्मदापुरम।** श्रमायुक्त नर्मदापुरम में श्रमिको द्वारा 6 शिकायतें प्राप्त हुई थी, सहायक श्रमायुक्त नर्मदापुरम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्रीय श्रम निरीक्षक सरिता साहू द्वारा उक्त प्राप्त शिकायतो में कुल 95 श्रमिकों को 9 लाख 5 हजार 445 रूपए का भुगतान कराया गया है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए सहायक श्रमायुक्त नर्मदापुरम से संपर्क किया जा सकता है।

# राजपूत समाज ने वीर महाराणा प्रताप की 484वीं जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



राजपूत समाज के गौरव व वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 484वीं जयंती गुरुवार को नर्मदा महाविद्यालय के सामने स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाई गई। राजपूत समाज संगठन द्वारा नर्मदा कॉलेज के सामने स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माला पहनाकर व प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर याद किया। राजपूत समाज के अध्यक्ष उमेश सिंह राजपूत ने कहा महाराणा प्रताप नाम है वीरता और वचन की एक अद्भूत मिसाल का।

महाराणा प्रताप का चरित्र दुनिया में सर्वश्रेष्ठ है। उन्होंने अपने जीवन में कठिन संघर्ष करके भारतवासियों को मुगलों के जुल्मों से मुक्ति दिलवाने का काम किया। ऐसे महापुरूषों के त्याग और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि ऐसे महापुरूषों के जीवन व शिक्षाओं पर चलते हुए हमें देश की मजबूती के लिए काम करना होगा। इस दौरान राजपूत समाज के संतोष तोमर, रामू चौहान, बदनसिंह तोमर, यशवंत सिंह राजपूत, जितेंद्र सिंह राठौर, पिल्लू ठाकुर, जितेंद्र प्रताप सिंह, शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, मनीष राठौर, शैलू, हेमेंद्र ठाकुर उपस्थित रहे।

## मच्छर नियंत्रण अंतर्विभागीय समन्वय कार्यशाला आयोजित

# रोगों की रोकथाम के लिए किया प्रशिक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

उच्च अधिकारी के निर्देशन पर एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी हिमेश्वरी पटले के नेतृत्व में बारिश से वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम हेतु कार्यशाला का आयोजन गुरूवार को नपा के सभा कक्ष में जिला मलेरिया अधिकारी के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसमें मच्छरों से उत्पन्न होने वाली बीमारी एवं उनकी प्रजाति तथा उत्पत्ति के बारे में विस्तृत से चर्चा की गई साथ ही मच्छरों की प्रजनन क्षमता तथा उनके रोकथाम के बारे में नपा परिषद के अधिकारी कर्मचारी को प्रोजेक्टर के माध्यम से समझाया गया।




मच्छरों प्रजनन क्षमता को रोकथाम हेतु प्रयोग किए जाने वाली सामग्री तथा उनका किस तरह से प्रयोग किया जाता है समझाया गया। इससे मच्छरों की प्रजनन शक्ति को रोका जाए एवं बारिश में होने वाले विभिन्न प्रकार के मच्छरों से होने वाले रोगों की रोकथाम के लिए सुपरवाइजर को कार्यशाला के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया। कार्यशाला में जिला स्वास्थ्य विभाग से मलेरिया अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। सीएमओ हिमेश्वरी पटले ने बताया कि वाहक जनित रोगों की रोकथाम एवम मच्छरों के लार्वा को हटाने हेतु टीम का गठन किया गया। टीम अपने-अपने वार्ड क्षेत्र के घरों में कार्यालय परिसर खाली प्लाट में मिलने वाले लार्वा को हटाने तथा जागरूक हेतु गतिविधि किया जाना है समझाइस के बाद जो नागरिकों के घरों,भावनो, कार्यालय में लार्वा पाया जाता है तो जुर्माने की कार्यवाही के भी निर्देश दिए स्वच्छता निरीक्षक कमलेश तिवारी द्वारा बताया गया कि मच्छरों की रोकथाम हेतु सभी वार्डों में दवाइयां तथा फोगिग छिड़काव का कार्य निरंतर किया जा रहा है। कार्यशाला में स्वच्छता निरीक्षक कमलेश तिवारी विशाल शर्मा सतीश यादव,ओम प्रकाश बडगूजर, राम सिंह यादव, अरविंद बडगूजर, अनूप दोहरे, आनंद केवट, संजू लुटारे, राजेश लुटारे, रोहित बडगूजर, गोपाल चूटीले, राकेश मैना रामविलास चौरे वेजू लुटारे आदि नगर पालिका से कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### कुएं में मिला युवक का सिर हाथ कटा शव

**मुलताई।** निकटतम ग्राम नरखेड एवं शेरगढ़ के मध्य स्थित खेत के कुएं में एक युवक की सिर और हाथ कटी लाश मिली है। जिससे संपूर्ण क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार नरखेड़ एवं शेरगढ़ मार्ग पर स्थित अशोक विश्वकर्मा के खेत मे बने कुएं में ग्रामीणों को युवक का शव दिखाई दिया। शव बहुत ही खराब स्थिति में था और शव का हाथ एवं सिर नहीं था। युवक ने ट्रैकसूट जैसा पैंट शर्ट पहन रखा था, शव बगैर मुंडेर के कुएं में पानी के ऊपर तैर रहा था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी इसके बाद शव बाहर निकाल गया। शव के साथ ही युवक की चप्पल भी मिली है ग्रामीणों का मानना है कि कुएं में शव लगभग 20 दिन पहले डाला गया होगा। पुलिस ने जांच प्रारंभ कर दी है और शव को परीक्षण हेतु भेज दिया गया है।

### करंट लगने से गाय की मौत

**बैतूल।** नगर के कोटीबाजार क्षेत्र में विशाल मेगावाट के पास करंट लगने से एक गाय की मौत हो गई। बताया गया कि गुरुवार सुबह विशाल मेगा मार्ट के पास आंधी तूफान और बिजली के कड़कने से दीवार गिर गई। इस तरह वहीं कॉर्नर के ट्रांसफार्मर के पास एक ज्वेलर का बैनर बांधा होने के कारण ट्रांसफार्मर के वायर में शार्ट सर्किट हुआ और एक गौ माता इस चपेट में आ गई जिससे उसकी मृत्यु हो गई। विद्युत कंपनी और नगर पालिका के द्वारा गौ माता को वहां से हटाया गया। जागरूक नागरिकों का कहना है कि इस घटना के बाद ज्वेलर्स संचालक के ऊपर भी कार्रवाई होनी चाहिए जिसने अनाधिकृत रूप से अपना एक बैनर ट्रांसफार्मर से बांध रखा था जो हवा में उड़ने के कारण शार्ट सर्किट का कारण बना जिसके वजह से गौ माता की पशुधन रूप में हानि हो गई।

### आर्ट ऑफ लिविंग मनाएगा जन्मदिवस

**बैतूल।** अंतर्राष्ट्रीय संस्था आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर के जन्मोत्सव पर आर्ट ऑफ लिविंग परिवार द्वारा 12 मई, रविवार शाम 7:30 बजे राम कृष्ण बगीया में भजन संध्या का आयोजन किया गया है। जिसमें संस्था के प्रशिक्षक एवं गायक रोहित श्रीधर बैंगलौर द्वारा मधुर भजनों की प्रस्तुति के साथ ध्यान भी करवाया जाएगा। संस्था की कल्पना शाह ने सभी से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### जहर खाने से युवती की मौत

**बैतूल।** एक युवती ने जहर खा लिया था। परिजनों ने उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया था जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जयश्री पिता मलकराम धुर्वे उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम खेड़ी देवनाला थाना मुलताई युवती ने 6 तारीख सोमवार के दिन अज्ञात कारणों से घर में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। परिजन युवती को गंभीर हालत में पहले मुलताई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद युवती को 108 एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल बैतूल रेफर कर दिया गया था। जिला अस्पताल के आईसीयू वार्ड में युवती का इलाज जारी था।

### प्रभातपट्टन विकास खंड के पोलिंग बूथों पर मतदान दल पहुंचे

# चार केंद्रों पर आज पुनर्मतदान, सुबह सात से शाम छह बजे तक डलेंगे वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

विधानसभा 129 के प्रभातपट्टन विकास खंड के 4 मतदान केंद्रों पर शुक्रवार को पुनर्मतदान होगा। मुलताई क्षेत्र के इतिहास में पहली बार चार मतदान केंद्रो के मतदाताओं के एक ही हाथ की दो उंगलियों पर मतदान की स्याही का निशान दिखाई देगा। एसडीएम तृप्ति पटैरया ने बताया कि जिन 4 मतदान केंद्रो फिर से मतदान होना है वहां 7 मई को हुए मतदान में दाएं हाथ की तर्जनी उंगली पर शाही का निशान लगाया गया था अब उसी हाथ की मध्यमा उंगली पर मतदान की स्याही का निशान लगाया जाएगा।

बता दे की पुनः मतदान के आदेश भारतीय निर्वाचन आयोग के सचिव संदीप कुमार ने पत्र के माध्यम से दिए थे जिसके बाद बैतूल जिला कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने पुनः चुनाव के आदेश जारी कर दिए। फिर से चुनाव कराने के लिए तैयारी पूरी कर मतदान दलों को अपने गंतव्य की ओर रवाना कर दिया गया है। चारो मतदान केंद्रो पर पुनर्मतदान के लिए चुनाव सामग्री लेकर मतदान दल बस से रवाना हो चुके है।





*अब मतदाता की मध्यमा उंगली पर लगाई जाएगी स्याही*

#### इन केंद्रों पर डलेंगे फिर से वोट

सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम तृप्ति पटैरया ने बताया की शुक्रवार 10 मई को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक राजापुर मतदान क्रमांक 275, दुदर रय्यत मतदान केंद्र क्रमांक 276 , कुंदा रय्यत मतदान केंद्र क्रमांक 279, चीचली माल मतदान केंद्र क्रमांक 280 चार मतदान केंद्र पर के मतदाता फिर से अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि 7 मई की रात में ईवीएम और मतदानकर्मियों को लेकर लौट रही बस में आग लग गई थी। जीसमें 4 ईवीएम पूरी तरह जल गईं। जिसके कारण पुनर्मतदान करवाया जा रहा है।

#### निर्वाचन कार्य में लापरवाही पर कार्रवाई

### दैनिक वेतन भोगी को दिखाया बाहर का रास्ता

*घोड़ाडोंगरी। लंबे समय से घोड़ाडोंगरी ग्राम पंचायत से लेकर नगर परिषद में अपना रोप रखने वाले दैनिक वेतन भोगी को आखिरकार बाहर का रास्ता दिखा ही दिया गया। नगर परिषद सीएमओ यादव द्वारा निर्वाचन कार्य में लापरवाही और कार्यालय की गोपनीयता भंग करने के आरोप में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी नल खोलने वाले ओम पवार को दैनिक वेतन भोगी कार्य से पृथक कर दिया गया। बताया जाता है कि नल खोलने के कार्य के लिए रखे गए दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी ओम पवार को नेतागिरी के चलते ही राजस्व का प्रभार मिला था जबकि शासकीय अधिकार नगर परिषद घोड़ाडोंगरी को दिए गए किंतु अध्यक्ष और कुछ लोगों की सहायता से इन सरकारी कर्मचारियों को नगर परिषद के प्रमुख दायित्वों वाले कामों से दूर रखा गया और दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी ओम पवार से करवाया जा रहा था। घोड़ाडोंगरी नगर परिषद में नगर परिषद बनने के पूर्व से ही वर्षों से पदस्थ दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी ओम पवार एवं संजू साहू की नेतागिरी से लोग बहुत परेशान थे आए दिन इन लोगों की शिकायत आती रहती थी किंतु दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी होने के कारण इन पर कोई कार्रवाई नहीं हो पाई। सीएमओ यादव के आने के बाद संजय साहू को हटाने के बाद स्थिति बदली है। निर्वाचन कार्य में लापरवाही और कार्यालय की गोपनीयता भंग करने के कारण दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी ओम पवार को दैनिक वेतन भोगी कार्य से पृथक किया गया।*

### पुनर्मतदान क्षेत्र में आज रहेगा सार्वजनिक व सामान्य अवकाश

*बैतूल लोकसभा के मुलताई विधानसभा में 4 मतदान केन्द्रों राजापुर, डूडर रैय्यत, कुंदा रैय्यत और चिखलीमाल पर 10 मई को पुर्न-मतदान होना है। राज्य शासन के आदेशानुसार इन 4 केन्द्रों में मतदान के लिए 10 मई को सार्वजनिक अवकाश एवं सामान्य अवकाश घोषित किया है। पुर्न मतदान के अनुक्रम में उपरोक्त चार मतदान केन्द्रों पर मतदान के लिए इस क्षेत्र के ऐसे मतदाता जो किसी भी व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम अथवा अन्य किसी स्थापना में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को मतदान के लिए सवैतनिक अवकाश स्वीकृत किया गया है। इस प्रावधान के अंतर्गत दैनिक वेतन/ आकस्मिक श्रमिक भी मतदान दिवस पर मजदूरी सहित अवकाश के हकदार होंगे। इस प्रावधान का उल्लंघन करने वाले नियोजकों के विरूद्ध दण्ड का प्रावधान है।*

### हवा आंधी के कारण टूटकर गिर रहे कच्चे आम



**सीहोर।** जिला की ग्राम बामुलिया में पिछले दो दिनों से हो रही आंधी तूफान और बारिश से आम की फसल को काफी नुकसान पहुंच रहा है, फलों का राजा आम गर्मियों के समय में सभी लोगों का प्रिय फल होता है और इसे बेचकर किसान अच्छा खासा मुनाफा कमा सकते थे, लेकिन तेज हवाओं के कारण कच्चे आम पेड़ों से टूटकर नीचे गिर रहे हैं जिसके कारण आम की फसल बर्बाद होती नजर आ रही है।

गांव के किसान घनश्याम पटेल, विक्रम व एलम परमार से बात की तो उन्होंने बताया कि बाजार में कच्चे आम की कीमत इस समय 30-35 रुपए प्रति किलो है, जो की बहुत कम है इसलिए कच्चे आमों को काटकर उन्हें धूप में सुखाने के बाद बेचेंगे, तो अच्छा भाव मिलेगा। इस बार आम की फसल अच्छी होती हुई नजर आ रही थी, लेकिन तेज हवा ने किसानों के अरमानों पर पानी फेर दिया।

#### सेमिनार में दी अच्छी खेती की जानकारी

## खाद, बीज का उपयोग और फसल उत्पादन बढ़ाना बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर

पायनियर कंपनी का सेमिनार गुरुवार को शाहपुर विकासखंड की मुस्कान होटल में किसान प्रवक्ता के लिए आयोजित किया गया। जक्षेत्र प्रतिनिधि अभय चौरे, प्रशांत सिनोटिया, आदित्य कुशवाहा, मोनू चौरे, मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस सेमिनार में आए पायनियर कंपनी के अधिकारी तापी दास हजारे के द्वारा बताया गया, कि यह सेमिनार किसानों को अधिक से अधिक फसल उत्पादन करने खाद बीज का कितना उपयोग करने एवं कैसे अपनी फसल का उत्पादन बढ़ा सके। लागत उतनी रहे, परंतु उनका उत्पादन अधिक हो। इसके सारे तरीके उनके द्वारा इस सेमिनार में बताए गए। एवं घोड़ाडोंगरी और शाहपुर विकासखंड के उनके प्रवक्ता किसानों को उनके द्वारा कुछ बीजों के पैकेट गिफ्ट स्वरूप भी दिए गए।

इस सेमिनार में ग्राम कुंडी के प्रवक्ता के साथ रवि यादव के द्वारा बताया गया, कि पायनियर कंपनी के द्वारा आयोजित किए गए सेमिनार बहुत अच्छा था। उन्हें इस सेमिनार से बहुत कुछ चीज़ सीखने को मिली है। कैसे उनकी फसल का उत्पादन बढ़ेगा कैसे हुए अच्छे उन्नत बीज का उपयोग करके अधिक से अधिक फसल उत्पादन कर सकेंगे। और उन्हें अपने खेती के कार्य को करने में इसे बहुत सुविधा होगी। यह सब उन्हें सेमिनार से इसकी जानकारी प्राप्त हुई। यह सेमिनार आने वाले समय में फसल उत्पादन के लिए बहुत कारगर सिद्ध होगा इस सेमिनार में घोड़ाडोंगरी एवं शाहपुर विकासखंड के किसान शामिल हुए और उन्होंने इस सेमिनार में बताए गए फसल उत्पादन के तरीकों का ज्ञान प्राप्त किया।

### सुलभ शौचालय में पकड़ाई 6 पेटी बियर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

मासोद ग्राम पंचायत के तिराहे पर स्थित शासकीय सुलभ शौचालय से पुलिस ने 6 पेटी बीयर बरामद की है। यह बियर की पेटियां गोवर्धन मायवाड़ की शिकायत पर पकड़ी गई है। बताया जा रहा है कि मासोद में बना सुलभ शौचालय नवनिर्मित है जिसमें ताले लगे हुए थे। कुछ लोगों ने इसमे बीयर और शराब की पेटी रख दी शिकायतकर्ता गोवर्धन मायावाड़ ने बताया कि कुछ ही समय पहले दो मोटरसाइकिल से तीन-तीन पेटी शराब कुछ लोगों द्वारा मोटरसाइकिल से इस सुलझ शौचालय के कमरे से लेगई है। जानकारों का मानना है कि यह शराब कहां से आई थी और क्यों यह पता लगाना पुलिस के लिए बहुत आसान है बियर की बोतलों के बेच नंबर से बियर का पता लगाया जा सकता है। किंतु पता लगा लेने के बाद में भी शराब ठेकेदारों पर कार्रवाई हो पाएगी कहना कठिन है। बता दे की हाल ही में ग्राम गौला में मतदान दल की बस में लगी आग के कारण चार मतदान केदो की ईवीएम मशीन जल गई थी जहां 10 मई को चुनाव होना है वह क्षेत्र मुलताई विधानसभा के पट्टन ब्लाक के मासोद ग्राम पंचायत से लगे हुए मतदान केंद्र है। राजापुर, कुंदा रय्यत, चीचली माल इस स्थिति में यह मामला संवेदनशील हो जाता है और पुलिस को चाहिए कि वह गंभीरता से ले। मसोद थाना प्रभारी एसआई बसंत अहाके ने बताया कि गोवर्धन मारवाड़ की शिकायत पर 6 पेटी बियर पकड़ी हैं जिसकी जांच की जा रही है।

#### दो नन्ही बालिकाओं ने तलवार से केक काटा

### राजपूत समाज ने हर्षोल्लास के साथ मनाया महाराणा प्रताप का जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



क्षत्रिय महासभा राजपूत समाज अखंड भारत के तत्वावधान में संपूर्ण राजपूत समाज द्वारा बैतूल नगर में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप का जन्म उत्सव गुरुवार को कोठी बाजार स्टेडियम के सामने अभिनंदन सरोवर पार्क में स्थित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा के समक्ष महाराणा प्रताप जन्मोत्सव आतिशबाजी करके के हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, दो नन्ही बालिकाओं ने तलवार से केक काटा तत्पश्चात समाज के वरिष्ठजनों ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा पाठ किया कार्यक्रम को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए ठाकुर जगदीश सिंह राघव जी ने अपने उद्बोधन में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महान योद्धा, रोटी बेटी चोटी के रक्षक, राष्ट्रभक्त, वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी अपने जीवन में कठिनाई के समय में भी मुगलों की अधीनता स्वीकार नहीं की भूखा रहना मंजूर किया परंतु पराधीनता स्वीकार नहीं की, कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए,क्षत्राणि हेमा सिंह चौहान, गीतेश चौहान ,रवि शंकर सिंह तोमर, प्रमेश राजपूत दिनेश ठाकुर, विनयसिंह राठौड़ सौरभ राघव, दौलत सिंह परिहार एवं बैतूल नगर तथा विभिन्न ग्रामों से पधारे राजपूत बंधुओ की रही।

## जब अपनों ने किया किनारा, तो डॉक्टर ने दिया वृद्धा को सहारा

### निस्सहाय वृद्धा के लिए उम्मीद की किरण बने डॉ. रूपेश पद्माकर

**बैतूल। एक** पुरानी हिन्दी फिल्म का गाना जिसका कोई नहीं उसका तो खुदा है यारों जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर में पिछले सप्ताह से भर्ती एक निःसहाय वृद्धा पर चरितार्थ हो रहा है। सड़क दुर्घटना में जब वृद्धा के पैर की हड्डी दो जगह से टूट गई तो वृद्धा के इकलौते पुत्र ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कर माँ से किनारा कर लिया। ट्रामा सेंटर में भर्ती वृद्धा एक दिन ईश्वर को याद कर रो रही थी तभी उसका उपचार कर रहे जिला अस्पताल के डॉक्टर रूपेश पद्माकर धरती के भगवान की उपाधि को चरितार्थ करते हुए उसके पास पहुंचे और रोने का कारण पूछा। वृद्धा ने अपनी कहानी बताई तो डॉ. पद्माकर भी हतप्रभ हो गए कि एक बेटा ऐसा कैसे कर सकता है? इसके बाद डॉ. पद्माकर ने वृद्धा का उपचार तो किया ही बल्कि उसे दिखाई नहीं देने पर जिला अस्पताल के ही नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. विनोद बर्डे से उसका मोतियाबिंद का ऑपरेशन भी करवा दिया। पिछले 3 सप्ताह से डॉ. पद्माकर माँ की तरह उसकी देखरेख कर रहे है। वृद्धा भी डॉ. पद्माकर को सच्ची दुआएं दे रही है।

**एक्सीडेंट में फ्रेक्चर हुआ पैर:** जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर में भर्ती आठनेर थाना क्षेत्र के ग्राम आष्टी निवासी ६५ वर्षीय वृद्धा समोती बाई पति श्यामराव काकोडिया ने बताया कि उसके परिवार में एक मात्र पुत्र बबलू काकोडिया है। समोती बाई ने बताया कि पिछले दिनों वह गांव के अन्य मजदूरों के साथ ईट भट्टे में मजदूरी करने महाराष्ट्र के अमरावती



गई थी। लगभग एक माह पूर्व अमरावती में उसे एक जीप वाले ने टक्कर मार दी थी। जिसमें उसके पैर में गंभीर चोट लगी थी। साथी मजदूरों ने उसे अमरावती के अस्पताल में भर्ती करवा कर उसके पुत्र बबलू काकोडिया को अमरावती बुलवाया।

**जिला अस्पताल में छोड़कर चला गया पुत्र:** समोती बाई ने बताया अमरावती अस्पताल में उसके पुत्र ने दो-तीन दिन रखा और १४ अप्रैल को अमरावती से जिला अस्पताल में लाकर भर्ती करवा दिया। यहां ट्रामा सेंटर में भर्ती कर पुत्र बबलू काकोडिया उसे अकेला छोड़कर अपने गांव चला गया। पैर में फ्रेक्चर होने के कारण वृद्धा पलंग से हट भी नहीं पा रही थी।

इस संबंध में डॉ. रूपेश पद्माकर ने बताया कि वृद्धा समोती बाई मेरे वार्ड में भर्ती थी। मैं राउण्ड लेने गया तो वह रो रही थी। जब मैने कारण पूछा तो उन्होंने बेटे द्वारा अकेला छोड़कर जाने की बात बताई जिससे मुझे व्यक्तिगत रूप से काफी पीड़ा। इसके बाद मैंने अपना फर्ज निभाते हुए वृद्धा का उचित उपचार किया वहीं उसकी आंख का ऑपरेशन भी करवा दिया जिससे वृद्धा अब अच्छे से देख सकती है।

#### मौसम ने बदला मिजाज

### गरज के साथ बारिश, 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवा



**बैतूल।** गुरुवार सुबह जिला मुख्यालय पर गरज चमक के साथ तेज बारिश हुई है। बारिश के कारण मौसम में ठंड घुल गई जिससे लोगों को तेज गर्मी से राहत मिली है। शाम 5.40 बजे गरज चमक के साथ तेज बारिश होना शुरू हो गई। बारिश इतनी अधिक हुई थी सड़कों से लबालब पानी बहने लग गया था। तेज बारिश के साथ-साथ 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झोकेदार हवाएं भी चलती रही। गर्मी के दिनों में मौसम पर ही बारिश में परेशान करके रखा है। जब से गर्मी का दौरा शुरू हुआ तब से कई बार बारिश हो चुकी है। पानी बरसने से ऐसा लग रहा है कि मानों बारिश का दौरा आ गया है। मौसम विभाग में बैतूल में बुधवार सुबह 8 बजे तक का बारिश का अलर्ट जारी किया था।

### दो साल से जली पड़ी केबल ग्रामीण ट्रांसफार्मर में तार डालकर ले रहे बिजली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

सीहोर जिले की ग्राम पंचायत अजमतनगर के ग्राम मंझेड़ा में बिजली विभाग की अनदेखी के चलते ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है। यहां बिजली की केबल जले दो साल हो गए हैं, लेकिन बिजली विभाग द्वारा अभी तक केबल नहीं बदली गई।

ग्रामीणों ने इसकी शिकायत कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों से की है, लेकिन इस और अभी तक उन्होंने ध्यान नहीं दिया है। ग्रामीण भी हार मानकर अपने घर के लिए बिजली की व्यवस्था के लिए सीधे ट्रांसफार्मर से तार लगाकर बिजली ले रहे हैं।

#### पंडित निर्मल कुमार शुक्ल की अभिनव कथा शैली श्रोताओं को कर रही

## जिनकी कथा से जीवंत हो जाता है त्रेता और द्वापर युग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

उभरा हुआ..विस्तारित ललाट..और उस पर प्रकाशित वैष्णवी तिलक की तीनों रेखाएं मानों ब्रह्मा-विष्णु-महेश का आशीष हो और ऐसे ही ललाट पर धर्म के शुभ-लाभ की तरह चमकती आंखें ..वहीं जिह्वा पर विराजमान मां सरस्वती..जिनका हर एक स्वर न सिर्फ श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करता है बल्कि कथा के प्रवाह को एक गहरी नदी की तरह अपने सागर तक बहा ले जाता है..कुछ ऐसी ही छवि है पंडित निर्मल कुमार शुक्ल की।

एक हजार से अधिक राम कथाएं कर चुके पंडित शुक्ल जब व्यास गादी पर विराजित होकर राम कथा कहते हैं तो ऐसा लगता है मानों त्रेतायुग जीवंत हो उठा। हर चौपाई के हर शब्द का सटीक उच्चारण और उसका वैसा अर्थ जो व्यक्ति को आज के जीवन में काम आए। भगवान राम से लेकर केवट, शबरी और रावण-मेघनाद तक के आयामी व्यक्तित्व का स्वरूप भले ही वो अपने मुखारविंद से प्रस्फुटित करते हों



लेकिन मां सरस्वती की कृपा से वह व्यक्तित्व साक्षात स्वरूप में उपस्थित हो जाता है। कुछ ऐसा ही भागवत के वाचन के समय होता है। यही कारण है कि जो भी धर्मप्रेमी पंडित शुक्ल की कथा में एक बार बैठ जाता है वो उसमें कुछ इस तरह डूब जाता है उठ नहीं पाता। फिर अगले दिन प्रभु राम का आशीष और पंडित जी के स्वर उसे वापस कथा की ओर खींच लाते हैं। पंडित निर्मल का जैसा नाम है वैसा ही उनका ह्दय निर्मल है। इसलिए वनवास का प्रसंग सुनाते समय न सिर्फ उनकी वाणी भारी हो जाती बल्कि आंखें भी सजल हो जाती हैं वहीं राक्षसों के वध की चौपाई सुनाते समय वही सजल नयन ज्वाला निकालने लगते हैं। यूं तो आजकल बहुत कथाकार हो गए हैं और सभी प्रभु कृपा से प्रभु चरित का वाचन करते हैं लेकिन पंडित निर्मल कुमार व्यास पर जिस तरह मां सरस्वती की कृपा बरसी है उसके चलते ही लगभग सभी प्रमुख ग्रंथ और शास्त्र उन्हें कंठस्थ है। बिना एक घूंट जल लिए अविरल कथा उनके मुख से घंटों प्रवाहमान होती रहती है। सुंदर भजन नदी की तरह बहती उनकी कथा में सुंदर घाटों की तरह लगते हैं जहां प्रवाह रुकता नहीं अपितु संवर जाता है।समय का यदि संकट न हो तो एक प्रसंग पर ही कई सप्ताह तक हर एक पहलू के साथ कथा सुनाने में पारंगत पंडित निर्मल कुमार शुक्ल एक अच्छे लेखक भी हैं। धर्म की विवेचना पर करीब आधा दर्जन किताबें लिख चुके पंडित शुक्ल मूलतः रहने वाले तो उत्तर प्रदेश के हैं लेकिन महाराष्ट्र में लगातार कथाओं के चलते उनका निवास महाराष्ट्र के वाशिम में भी है। महराज श्री कुशल कवि लेखक व साहित्यकार हैं। आपके द्वारा अभी तक मारुती महिमा, महासिंधु,,बाबा भीष्म,, तुलसी स्तवन, लवकुश,, और प्रेमी भरत आदि ग्रंथ प्रकाशित हो चुके हैं।आपने भारत के चारों धामों सहित काठमांडू जनकपुर, अयोध्या, वृंदावन, हरिद्वार, काशी आदि तीर्थों में अनेकों बार कथा संपन्न कर चुके हैं।अपनी 50 वर्षों की अखंड कथा यात्रा में अब तक आप 1000 राम कथा 400 भागवत कथा शिव पुराण और देवी भागवत व वाल्मीकि रामायण की अनेकों कथाएं संपन्न कर चुके हैं।

### पचमढ़ी में आयोजित रात्रि फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ समापन

# बेटा बावर्ची ने पचमढ़ी टाइगर क्लब को हराकर किया ट्रॉफी पर कब्जा

पचमढ़ी में पहली बार ऑक्शन तर्ज पर फुटबॉल रात्रि टूर्नामेंट का आगाज किया गया था। टूर्नामेंट में 28 लीग 2 सेमीफाइनल और फाइनल मैच को मिलाकर 31 मैच खेले गए थे। 18 दिवसीय इस टूर्नामेंट में डी कंपनी टीम के दुर्गेश यादव ने आर्ट माचो में साथ सर्वाधिक गोल मारे दुर्गेश यादव को टूर्नामेंट के सर्वाधिक स्कोरर की ट्रॉफी भी दी गई है।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचमढ़ी

प्रतियोगिता के बेस्ट गोलकीपर का अवार्ड हेमंत का तथा तथा मैन ऑफ द टूर्नामेंट का अवॉर्ड वंश यादव को दिया गया है। प्रतियोगिता के दौरान बेस्ट गोल का अवॉर्ड बेटा बावर्ची के ही खिलाड़ी आसिफ कुरैशी को दिया गया है। प्रतियोगिता बेहतर ढंग से की जाए इसको ध्यान में रखते हुए आयोजकों ने छिंदवाड़ा से प्रशिक्षित रेफरियों को बुलवाया था। विजेता टीम को 21 हजार तथा उपविजेता को 11 हजार के नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

## फाइनल मुकाबले में बांधा समां

मंगलवार रात को प्रतियोगिता का अंतिम मैच बेटा बावर्ची फुटबॉल क्लब एवं पचमढ़ी टाइगर क्लब के बीच खेला गया। फाइनल मैच में मुख्य अतिथि डॉ राजेश शर्मा समाजसेवी एवं संचालक नागदा अपना अस्पताल एवं अध्यक्षता जिले के वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र ठाकुर द्वारा की गई। फाइनल मैच को देखें तो बेटा बावर्ची ने प्रथम हाफ में ही एक गोल दाग दिया था।

रेफरी की अंतिम सीटी तक बेटा बावर्ची ने एक गोल से बढ़त बनाए रखी और जीत हासिल की। प्रतियोगिता के फाइनल मैच को देखने के लिए बड़ी तादाद में शहर वासी छावनी परिषद खेल मैदान में इकट्ठा रहे।पुरुष्कार वितरण मुख्य अतिथि डाक्टर राजेश शर्मा,अध्यक्षता कर रहे जिले के वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र ठाकुर,थाना प्रभारी उमाशंकर यादव,अधिवक्ता संजय लिडवानी,अलीम कुरैशी एवं अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर पचमढ़ी फुटबाल



समिति के संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार नफीस खान,अध्यक्ष नवल यादव,पचमढ़ी के वरिष्ठ खिलाड़ी एवं अधिवक्ता संजय लिडवानी, अलीम कुरैशी, थाना प्रभारी उमाशंकर यादव, टेक्सी यूनियन अध्यक्ष मोनू अग्रवाल, राजा खान, धनंजय रजक, विकास बहादुर, असरार अहमद अंसारी, प्रशांत सिहोते, हुजेफा बोहरा, रिजवान कुरेशी कमेटी के सभी सदस्य और खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। समिति के संरक्षक नफीस खान ने अपने उद्बोधन में कहा कि संभाग का सबसे बड़ा और उच्च सुविधायुक्त स्वास्थ्य सेवा का पर्याय नर्मदा अपना अस्पताल के संचालक डॉ राजेश शर्मा जी से मेरा परिचय पहली बार फोन पर हुआ। जब पचमढ़ी के एक साथी का एक्सीडेंट हुआ और गंभीर अवस्था में उसे पिपरिया से होशंगाबाद रिफर कर दिया गया।

देर रात उसे नर्मदा अस्पताल ले जाया गया,अटेंडर के पास जमा करने को पैसे नहीं थे,तो मैंने डॉ साहब से निवेदन किया और बिना पैसे जमा किए उसका इलाज शुरू हो गया। आज उसकी जान बची है तो राजेश शर्मा जी के कारण। इसके बाद से जो रिश्ता बना आज भी कायम है।

## फुटबॉल के फाइनल मैच की दोनों ही टीमें इस प्रकार रहीं

**बेटा बवार्ची** - हेमंत, पियूष क्रोशिया, शंकर सिंह, आर्सेनल शेख, राजकुमार झा, सूरज, लकी साहू, हिमांशु चंदेकर, आयुष सहरिया, बेनेडिक्ट जोसेफ, शारिक कुरेशी, सोहेल कुरेशी, सुमित कनौजिया, आसिफ कुरेशी, मुकुल चौधरी, हबीब खान हैं। **पचमढ़ी टाइगर** : वंश यादव, हर्षित सिंह, प्रवीण जांडेकर, जीशान खान, साहिल सलाम, आशुतोष तलैया, रुपेश पाल, सिब्बू चौधरी, वेदांत माहेश्वरी, स्पर्श महेश्वरी, विक्की, तौसीफ पठान, रोहन कहार, अभिषेक मेहरा, सिद्धार्थ चौधरी रहे।

# जेसीबी पर सवार होकर किया शौर्य चल समारोह का स्वागत

### शस्त्र पूजा और भजन संध्या से संपन्न हुआ महाराणा प्रताप जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

राजपूत समाज द्वारा क्षत्रिय कुलभूषण वीर महाराज महाराणा प्रताप का जयंती समारोह आयोजित किया गया। दो दिवसीय आयोजन के तहत आज शौर्य चल समारोह निकाला गया। चल समारोह का स्वागत जयस्तंभ चौक पर अनोखे अंदाज में किया गया। महाराणा प्रताप जयंती कार्यक्रम के दूसरे दिन गुरूवार को शस्त्र पूजा का आयोजन किया जाएगा। फ्रेंड्स स्कूल में यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। फ्रेंड्स स्कूल में शाम 5 बजे शस्त्र पूजा का आयोजन हुआ। इसके बाद शौर्य चल समारोह निकाला जाएगा जो शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए वापस स्कूल में सम्पन्न होगा। इसके बाद शाम 7 बजे महाआरती एवं भजन संध्या का आयोजन हुआ।

## अनोखे अंदाज में स्वागत

शौर्य चल समारोह जैसे ही जयस्तंभ पर पहुंचा यहां खड़ी जेसीबी के ऊपर खड़े होकर फूलों की बरसात की गई। चल समारोह का विभिन्न समाज के लोगों ने भी किया। चल समारोह में बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाज के लोग शामिल हुए। चल समारोह फ्रेंड्स स्कूल से प्रारंभ होकर जयस्तंभ चौक सराफा बाजार भारत टॉकीज स्टेट बैंक के सामने से होते हुए वापस फ्रेंड्स स्कूल में संपन्न हुआ।

# किसानों ने बिजली उपलब्ध कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

किसानों के कम से कम 12 घंटे बिजली सप्लाई करने की मांग किसानों के द्वारा की जा रही है संघ के माध्यम से संघ के पदाधिकारी शिवराज राजोरिया श्रीकांत चौधरी के द्वारा बताया गया है कि बिजली विभाग के द्वारा मूंग का सीजन प्रारंभ होते ही पहले 10 घंटे बिजली कटौती के बाद बिजली दी जाती थी लेकिन अब कल 9 घंटे ही बिजली दी जा रही है जिस्म अलग-अलग दोनों में अलग-अलग तरह से कटौती की जाती है जिसके कारण किसान दिन रात जग करके बिजली की पूर्ति करने का प्रयास करता है लेकिन उसके बाद भी विभाग के द्वारा कई बार बगैर सूचना के बिजली काट दी जाती है। मूंग की फसल में पानी अधिक लगता है लेकिन विभाग के द्वारा बिजली नहीं दी जा रही है जिसके कारण पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। इसके कारण गेहूं की फसल चौपट हो चुकी है लेकिन अब मूंग की फसल भी चौपट होने की उम्मीद जताई जा रही है।

बिजली विभाग की भारी लापरवाही से किसानों में भारी रोस है वह कई बार बिजली विभाग को ज्ञापन भी सौंप चुके हैं। किसानों के द्वारा निजी ट्रांसफार्मर भी लगता लिए गए हैं उसके बाद भी किसानों को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं दिया जा रहा है जिसके कारण किसान संघ ने बिजली विभाग से पर्याप्त मात्रा में बिजली की पूर्ति करने की मांग की है। हर पल नियंत्रित दुर्गेश मंडलोई से इस बारे में चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि प्रदेश स्तर से प्राप्त अधिकारियों के निर्देश के अनुसार 9 घंटे बिजली दी जा रही है बढ़ती गर्मी के कारण बिजली की खपत बढ़ गई है उसके बाद भी किसानों को पर्याप्त मात्रा में बिजली देने का प्रयास किया जा रहा है। से उन्होंने अपील की है कि समय पर बिजली बिल का भुगतान करें जिससे की सुचारू रूप से बिजली का संचालन किया जा सके।

## सुमता आचार्य पंच तत्व में विलीन

**शोभापुर।** शोभापुर के प्रतिष्ठित आचार्य परिवार की श्रीमती सुमता आचार्य का लंबी बीमारी के चलते



बुधवार रात करीब 8 बजे निधन हो गया। निधन के बाद उनका पार्थिव शरीर नर्मदा तट रेवा बनखेड़ी में पंच तत्व में विलीन हुआ। इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। सुमता आचार्य प्रेम नारायण आचार्य की पत्नी, राकेश आचार्य, महेश आचार्य, कल्ला आचार्य, मिर्चल आचार्य, दिनेश आचार्य की मां है। श्रीमती सुमता आचार्य को परिवारिक जनों और परिवार से जुड़े सभी वरिष्ठ जनों , कनिष्ठ जनों ने उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की है ।

## सरकारी स्कूलों में ऑर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पाठ्यक्रम


**सीहोर।** प्रदेश में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप ऑर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पाठ्यक्रम की जानकारी देने के लिये राज्य ओपन स्कूल बोर्ड ने 53 चयनित सरकारी स्कूलों में शुरूआत की है। यह पाठ्यक्रम जून-2022 से पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया है। पाठ्यक्रम से चयनित स्कूलों के विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीक सिखाने में सहायता मिल रही है। इससे विद्यार्थियों को भविष्य में रोजगार के अवसर प्राप्त करने में सहायता मिलेगी।

# शा. कन्या महाविद्यालय में प्रवेश के लिए चालाया पंजीयन अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनीमालवा

उच्च शिक्षा विभाग म.प्र. शासन द्वारा सभी महाविद्यालय में सत्र 2024-25 के लिए प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए पंजीयन प्रक्रिया शुरू कर दी गई। शासन के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालयों मे अधिकतम प्रवेश संख्या बढाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी तरह शासकीय कन्या महाविद्यालय द्वारा सिवनी मालवा मे स्थित शासकीय एवं अशासकीय स्कूल के सहयोग से प्रवेश हेतु पंजीयन अधिकतम हो सके, इसके प्रयास किये जा रहें।

साथ ही माहविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा महाविद्यालय में, शासकीय उच्च. माध्यमिक विद्यालय सिवनी मालवा, शासकीय उच्च. माध्यमिक विद्यालय शिवपुर, शासकीय उच्च. माध्यमिक विद्यालय खपारिया में स्वयं उपस्थित रहकर छात्राओं को निशुल्क पंजीयन किया जा रहा है, ग्राम निवासियों द्वारा इस कार्य को प्रोत्साहन के साथ इस महाविद्यालय में छात्राओं के अधिकतम प्रवेश एवं पंजीयन के लिए आश्वासन दिया जा रहा है। शासकीय कन्या उमा शाला सिवनी मालवा के प्राचार्य एसएस



रघुवंशी , शिवपुर स्कूल प्राचार्य अजय तिवारी, खपरिया स्कूल प्राचार्य अरविंद दुबे द्वारा इस कार्य की प्रशंसा करते हुये छात्राओं को इस महाविद्यालय मे प्रवेश हेतु प्रेरित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उमेंश कुमार धुर्वे एवं प्रवेश प्रभारी रजनीश जाटव द्वारा इस कार्य के लिए अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है।

# लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय के एसडीओ का प्रभार रवि केलवा को मिला


हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग में लगातार अल्प समय के लिए एसडीओ की पदस्थापना की गई जो की सेवानिवृत्ति के काफी करीब थे के द्वारा भी पर्याप्त मात्रा में मेहनत नहीं की गई के कारण ग्रामीण एवं नगर पालिका क्षेत्र में नल जल योजनाठप पड़ी हुई है। ठेकेदारों के द्वारा मनमर्जी पूर्वक कार्य किया जा रहा है पूरे विधानसभा क्षेत्र में कल 52 ग्रामों में नल जल योजना का सुचारू रूप से संचालन किया जा रहा है जिसमें पिपरिया विकासखंड में ही लगभग 320 गांव हैं जहां पर लगभग सभी पंचायत में नल जल योजना का कार्य स्वीकृत हो चुका है लेकिन कहीं भी ठेकेदारों के द्वारा पूर्ण नहीं किया गया है और अधिकारियों के द्वारा लगातार उनका भुगतान किया गया है वहीं पर पंचायत में ठेकेदारों के द्वारा अनुबंध में यह शर्त होने के बाद भी सड़कों का निर्माण नहीं किया गया है। पंचायत की सारी सके तोड़ दी गई है इस तरह से ठेकेदारों के द्वारा लोक स्वास्थ्य यंत्रिकीय विभाग को बदनाम करने का प्रयास किया गया है। तत्कालीन एसडीओ सुरेश साहू के द्वारा पर्याप्त मात्रा में कार्य नहीं



कराया गया बल्कि उनके द्वारा ठेकेदारों का ही कई जगह उपयोग किया गया है। ऐसा ठेकेदारों का कहना है उन्होंने ठेकेदारों का कहना है कि उन्होंने कभी निजी वाहन यह सरकारी वाहन का उपयोग नहीं किया वह सिर्फ ठेकेदारों के वाहनों का ही उपयोग करते थे जिसके कारण उनका काफी कार्य प्रभावित होता था वह अपने जहां काम चल रहे हैं वहां साइट पर नहीं जा पाए थे। मध्य प्रदेश शासन के कार्यपाली नियंत्रित एवं अधीक्षण यंत्री लोक स्वास्थ्य यंत्रिकीय विभाग के द्वारा पिपरिया विधानसभा क्षेत्र के नवनियुक्त एसडीओ के पद पर रवि केलवा को प्रदर्शित किया गया है याद रहे की कुछ समय पूर्व भी रवि केलवा को प्रभाव दिया गया था जिसमें 52 ग्रामों में संचालित नल जल योजना आज भी पूरी तरह सफलता की ओर कार्य कर रही है। एसडीओ का कहना है कि ठेकेदारों की बैठक की जा चुकी है शीघ्र ही उन्हें निर्देश भी दिए जा चुके हैं जिन ठेकेदारों के द्वारा कार्य नहीं किया जा रहा है उनको नोटिस जारी किए गए हैं यदि वह दी गई समय सीमा में कार्य नहीं करते हैं तो ब्लैक लिस्ट स्टेट करते हुए अन्य ठेकेदारों के माध्यम से कार्य कराया जाएगा।

## दशनाम गोस्वामी समाज 12 मई को मनाएगा शंकराचार्य जयंती



**इटारसी ।** दशनाम गोस्वामी समाज युवा ब्राहमण संगठन द्वारा 12 मई को जगतगुरु आदि शंकराचार्य जयंती महोत्सव मनाया जाएगा। गोस्वामी समाज द्वारा इस अवसर पर बड़ा मंदिर से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा जयस्तंभ चौक होते हुए पंडित भवानी शंकर मिश्र भवन पर संपन्न होगी। जहां जगतगुरु आदि शंकराचार्य जी की आरती, सम्मान समारोह एवं प्रसाद वितरण होगा। यह संपूर्ण कार्यक्रम वैष्णवी गोस्वामी कथावाचक, विष्णुपुरी गोस्वामी वृंदावन कथा वाचक, पवन गोस्वामी भोजपुर शिव मंदिर संस्था संचालक, काले महादेव शिव मंदिर महंत के सानिध्य में संपन्न होगा।

# आंगनबाड़ी में बच्चों को सिखा रहे खिलौने बनाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनीमालवा



महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना सिवनी मालवा के सेक्टर सतवासा के आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को नवाचार अंतर्गत खिलौने बनाने सिखाए जा रहे हैं। वेस्ट से बेस्ट अंतर्गत बच्चों को पुराने सामान से नए खिलौने बनाने सिखाए जा रहे हैं। गुरूवा को आंगनबाड़ी केंद्र सोनखेड़ी में बच्चों को दाने स्कोरे रखने हेतु पात्र बनाना सिखाया। पर्यवेक्षक सुचित्रा राजावत द्वारा बताया गया कि अभी गर्मियों में स्कूल की छुट्टियां होने के कारण आंगनबाड़ी केदो पर बच्चों की संख्या बढ़ गई है परंतु तेज गर्मी होने के कारण बच्चे अधिक देर तक केदो पर नहीं रख पाते इसलिए कार्यकर्ताओं को उन्हें रोचक खेल गतिविधियां करवानी होती है। ऐसे में उनसे कुछ नवीन खिलौने जैसे पेन होल्डर, डस्टबिन,दाने स्कोरे हेतु बर्तन की सजावट मिट्टी के खिलौने आदि घर पर उपलब्ध पुराने सामान से बनवाई जा रहे हैं। जिससे बच्चे केंद्र पर खुश होकर आते हैं साथ ही उनमें अच्छी आदतों जैसे सफाई, सहभागिता, जानवरों पक्षियों के प्रति दया भाव इत्यादि का विकास होता हैं इसके साथ ही उनकी कल्पनाशीलता तथा सृजनात्मक विकसित होती है, जिससे मोबाइल टेलीविजन से इतर दूसरी नवीन गतिविधियों करने एवं सीखने हेतु उन्हें प्रेरणा मिलती है। इस दौरान केंद्र पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सविता जाटव, आंगनवाड़ी सहायिका सुखमणि गौर आदि का सहयोग रहा तथा दीपक जाटव, राधाबाई गौर,दुर्गा राजपूत उपस्थिति रहे।

### एफसीआई के भीतर की करीब पांच सौ मीटर की हुई सफाई

# बारिश के पानी की आसान निकासी के लिए नाले और नालियों की सफाई शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

बारिश के मौसम में पानी की निकासी आसान हो सके, इसके लिए नगर पालिका के सफाई अमले ने शहर के छोटे-बड़े नाले और नालियों की सफाई प्रारंभ कर दी है। शहर के उन नाले-नालियों पर जेसीबी से सफाई करायी जा रही है, जो बारिश के वक्त नगर की सड़कों, गलियों में जलभराव का कारण बनते हैं। नगर पालिका का स्वच्छता विभाग नाले और नालियों की सफाई करा रहा है। पहले चरण में छोटे नाले लिये जा रहे हैं। अभी दो दिन हुई सफाई में यादव भवन के पीछे, एफसीआई के भीतर का करीब पांच सौ मीटर की सफाई हुई है।

## इन नालों की होगी सफाई

गगन मगन होटल के पास, हाउसिंग बोर्ड



कॉलोनी पानी की टंकी वाला नाला, सिविल अस्पताल के पास वाला नाला, पुलिस थाने के पीछे से एमजीएम कालेज, न्यास कालोनी, सूरजगंज चौराहा से विश्वनाथ चौराह, रेलवे स्टेशन रोड के किनारे, सोनासांवरी नाका तक के नाले की सफाई होगी। ये ऐसे नाले हैं जो बारिश का पानी शहर से बाहर बहाकर ले जाते हैं। दूसरे चरण में वार्डों के भीतर, बाजार क्षेत्र, दुकानों के सामने की सफाई करायी जाएगी ताकि उनमें भर चुका कचरा निकाला जा सके। भीतरी हिस्सों की नालियों में डिस्पोजेबल, पॉलिथिन और ऐसी कई चीजें मिलती रही हैं, जो शहर की निकास व्यवस्था को बिगाड़ती हैं। इनकी सफाई के बाद बारिश का पानी अधिक देर सड़कों पर नहीं थमता है और तेजी से बड़े नालों तक पहुंचता और वहां से शहर के बाहर हो जाता है।

## ये हैं प्रमुख नाले

सीपीई से पुरानी इटारसी माठिया बाबा के पास से अवाम नगर, सांकलिया पुल होकर रेलवे पुल के नीचे से सांनासांवरी तक का बड़ा नाला, ठंडी पुलिया से नाला मोहल्ला, नदी मोहल्ला होकर श्री बूढ़ी माता मंदिर के पीछे तक, 12 बंगला के पास के नाले की जेसीबी और पोकलेन से सफाई करायी जाती है। इनकी सफाई से यह होता है कि निचली सड़कों पर पानी भरने के बाद अधिक देर रुकता नहीं है और तेजी से बड़े नालों से होकर शहर से बाहर निकल जाता है।

### इनका कहना है

नगर पालिका बारिश के पानी को आसानी से बाहर निकालने के लिए वार्डों के भीतर और बाजार क्षेत्र में भी सफाई कराती है, कई बार नालियों में पॉलिथिन और डिस्पोजेबल फंसे होने से भी निकास में परेशानी आती है, नागरिकों से निवेदन है कि नगर पालिका का सहयोग करें और नालियों में कचरा और डिस्पोजेबल डालने से बचें।

**ऋतु मेहरा,** सीएमओ, इटारसी

बारिश में निचले स्थानों पर पानी भर जाना आम बात है, लेकिन लोग ज्यादा परेशान न हों, इसके लिए हमारा सफाई अमला लगातार प्रयास करता है। वर्षा पूर्व शहर के सभी नाले-नालियों की सफाई करायी जा रही है, कहीं अतिक्रमण के कारण भी परेशानी आती है, हमारा निवेदन है कि नागरिक नगर पालिका का सहयोग करेंगे तो उनको भी परेशानी से बचाया जा सकेगा।

**पंकज चौरे,** अध्यक्ष नगर पालिका, इटारसी

**खबर संक्षेप**

### कृषि विभाग की मासिक बैठक आयोजित

**हरदा।** कृषि कार्यालय के सभा कक्ष में गुरूवार को सहायक संचालक कृषि, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, कृषि विस्तार अधिकारी एवं सहायक कृषि यंत्री तथा कृषि अभियांत्रिकी पंवारखेडा, नर्मदापुरम आदि की बैठक संपन्न हुई। बैठक में उप संचालक कृषि ने विभागीय योजनाओं में किसानों को लाभान्वित करने के लिये एमपी. किसान एप पर पंजीयन तथा स्वाइल फर्टिलिटी योजना के तहत किसानों के खेत से ऑनलाईन मृदा नमूना एकत्रीकरण के संबंध में जानकारी दी। बैठक में उपसंचालक कृषि ने आगामी खरीफ वर्ष 2024 में जिले के किसानों द्वारा सोयाबीन बुआई के लिये ब्रॉड बेड फरो सीड्रडिल से करने हेतु प्रोत्साहित व जागरूक करने एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत वर्ष 2021-22 के विफल दावा भुगतान प्रकरणो के संबंध में जानकारी दी।

### तीन दिन तक बंद रहेगी अनाज मंडी

**हरदा।** आगामी तीन दिनों जिले की सभी कृषि उपज मंडियों में छुट्टी होने से नीलामी कार्य नहीं होगा। मंडी प्रशासन ने किसानों से इन तीन दिनों उपज को बिक्री के लिए नही लाने और परेशानी से बचने की अपील की है। जिला मुख्यालय की कृषि उपज मंडी के प्रभारी सचिव मोहन सिंह चौहान ने बताया कि 10 मई को परशुराम जयंती अवकाश, 11 मई को दूसरा शनिवार होने से बैंकों की छुट्टी व 12 मई को रविवार होने की वजह से मंडी में नीलामी नही हो पाएंगी। मंडी प्रशासन ने जिले के सभी किसानों से अपील की है कि इन तीन दिनों जिले की सभी मंडियों में अवकाश होने के चलते किसान अपनी उपज बिक्री के लिए मंडी में ना लाएं और परेशानी से बचें। उन्होंने कहा कि 13 मई से सभी मंडियों में निर्धारित समय से नीलामी शुरू होगी।

### बाल विवाह रोकने उड़न दस्ता गठित

**हरदा।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने जिले में बाल विवाह को रोकने के लिए प्रत्येक विकासखंड स्तर पर उड़नदस्तों का गठन किया है। विखं हरदा खिरकिया व टिमरनी के एसडीएम की अध्यक्षता में गठित विखं स्तरीय उड़नदस्ता दल में संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार, परियोजना अधिकारी, विखं चिकित्सा एवं शिक्षा अधिकारी, थाना प्रभारी, सेक्टर पर्यवेक्षक, चाइल्ड लाइन सदस्य को शामिल किया गया है। ये दल अपने क्षेत्र अधिकार के अंतर्गत होने वाले सामूहिक विवाहो में वर वधुओ की आयु के प्रमाण-पत्र का अवलोकन करेंगे। किसी भी परिस्थिति में वर की आयु 21 वर्ष से कम तथा वधु की 18 वर्ष से कम ना हो यह सुनिश्चित करेंगे। वर अथवा वधु की आयु कम पाये जाने पर बाल विवाह रोकने का प्रयास करेंगे, अन्यथा वैधानिक कार्यवाही करेंगे। उड़नदस्तों द्वारा यदि उनके क्षेत्राधिकार में कोई बाल विवाह का प्रकरण पाया जाता है तो बाल विवाह करने वाले, बाल विवाह को प्रोत्साहित करने वाले जैसे रसोईया, नाई, धर्मगुरू, समाज के मुखिया, टेंट वाले, पत्रिका छापने वाले, ब्यूटीपार्लर वाले एवं अन्य के विरूद्ध बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

---

मुख्यमंत्री यादव ने कांग्रेस पर किए कटाक्ष...

# कांग्रेस पर निशाना साधा कहा जब वे 60 साल सत्ता में रहे तो फिर गरीबी दूर क्यों नहीं हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कांग्रेस सरकार पर कई कटाक्ष किए। जब पत्रकारों ने उनसे सवाल किया तो उन्होंने कहा मैं झूठ को झूठ ही तो कह रहा हूं और यह कहकर वे प्रस्थित हो गए। उन्होंने भाषण की शुरुआत आरक्षण को लेकर की और कहा कि कांग्रेस झूठ बोल रही है। कमोबेश, यही बात उन्होंने गरीबी हटाने के मुद्दे को लेकर भी कही। उन्होंने पूर्व सरकारों और कांग्रेस पर सीधा निशाना साधा और कहा जब वे 60 साल सत्ता में रहे तो फिर गरीबी दूर क्यों नहीं हुई, फिर भी झूठ क्यों बोल रहे हो।

उन्होंने कहा कि यह चुनाव दो बातों को लेकर हो रहा है। इनमें एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं, जो अपने जीवन को बिना स्वार्थ के देश एवं गरीबों की सेवा में लगा दिया है। जबकि दूसरी ओर कांग्रेस है, जो सरकार में आती जरूर है, लेकिन कुछ करने की बजाय विकास को अवरुद्ध करती है। उन्होंने तीखे शब्दों में हमला बोलते हुए कहा कि जैसे-जैसे मोदी एक से बढ़कर एक काम करते जा रहे हैं, वैसे ही कांग्रेस के लोग पगलाते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भगवान राम के अस्तित्व पर भी प्रश्न चिन्ह लगाती है। उन्होंने जन समुदाय से पूछा कि आप जानते हैं कि राम ने अयोध्या में जन्म लिया और उन्हें 14 वर्ष का वनवास दिया गया था जिसे



कांग्रेस मानती नहीं है। मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार गरीबों, दलितों और आदिवासियों की बात करती है। यही कारण है कि राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू आदिवासी समुदाय से हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा की उक्त सोच का ही परिणाम है। भाजपा उक्त वर्गों की भलाई के लिए कई योजनाएं चल रही है। लाड़ली बहना, लाड़ली लक्ष्मी और कन्यादान योजना का जिक्र करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने किसानों के लिए भैंस पालन योजना लागू करने की बात कही और कहा कि दूध उत्पादन में भी उन्हें इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि खेतों की सिंचाई और पीने का शुद्ध पानी हर गांव में मिलेगा। हम जनता की भलाई के लिए पीछे नहीं रहेंगे।

खंडवा संसदीय क्षेत्र के सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी ज्ञानेंद्रसिंह पाटिल ने कहा कि हम जिस स्थान पर आमसभा करने जा रहे हैं यह ऐसी भूमि है, जिसने भाजपा को चार कार्यकाल तक विधायक दिए हैं। इनमें स्व. डोंगरसिंह पटेल तीन कार्यकाल तक और उनके पुत्र स्व. लालसिंह पटेल भी विधायक रहे हैं। मुख्यमंत्री ने उनकी धर्मपत्नी मंगलीबाई डोंगरसिंह पटेल का और सुनीता लालसिंह पटेल का स्वागत किया। प्रारंभ में भाजपा मंडल चिरीया के अध्यक्ष बिहारीलाल मोरे, महासचिव अनिल गुप्ता, भाजपा नेता राणा अलावे, बनसिंह गोथरे, सरपंच दिनेश पटेल ने पुष्पहारों और बैलगाड़ी की प्रतिकृति भेंट कर स्वागत किया। वहीं जनपद पंचायत की अध्यक्ष संगीता तेरसिंह नार्वे, उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल और सांसद प्रतिनिधि सुधीर यादव ने उन्हें तीर कमान भेंटकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्रसिंह राठौर, लोकसभा संयोजक कल्याण अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## खंडवा पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री चौहान का हवाई पट्टी पर किया स्वागत

**खंडवा।** चौथे चरण के मतदान को लेकर भाजपा ने अपना चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। गुरुवार को मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने विधानसभा क्षेत्र में हेला पडावा में जनसभा को संबोधित किया। वहीं गुरुवार को प्रत्याशी पाटिल के समर्थन में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सभाओं को संबोधित करने खंडवा पहुंचे। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर पाटिल के समर्थन में खंडवा पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुंदी सिंगोट और खकनार में जनसभा को संबोधित किया। दोपहर 12:30 पूर्व मुख्यमंत्री चौहान चार्टर प्लेन से खंडवा पहुंचे जहां पार्टी के पदाधिकारी जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं ने उनका



स्वागत किया। हवाई पट्टी पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए चौहान ने कहा कि पूरे देश मे अबकी बार 400 पार, इस बार मोदी सरकार को लेकर जनता में काफी उत्साह नजर आ रहा है। हमारी पार्टी के कार्यकर्ता पूरी सक्रियता के साथ भरी धूप में भी मैदान में संकल्प को पूर्ण करने के लिए उतर चुके हैं। कांग्रेस और राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा की राहुल गांधी बौखलाए हुए हैं। कांग्रेस का भारतीय संस्कृति से जीवन मूल्यों से परंपराओं से कोई लेना-देना नहीं है, ये भारत की जड़ों से कटे हुए है। इनके नेता सलाहकार कहते हैं कोई चीन जैसा लगता है कोई नेपाल कोई कही जैसा लगता है। अरे हम सब भारत माता के लाल भेदभाव का कहां सवाल, हम सब एक ही है। अलग भाषा अलग वेश फिर भी अपना एक देश। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए पूर्व सीएम ने कहा कांग्रेस का भारत की माटी से भारत की जनता से कोई लेना देना है ही नही। ये तो विदेशी विचारों से प्रभावित होकर काम करते हैं। इनकी सही जगह भारत नही इटली है। भारत को आर्थिक स्थिति से मजबूत बनाने के साथ देश को पूर्णत विकसित करने के लिए भाजपा का कार्यकर्ता चुनाव के मैदान में हैं। और हम 400 पार के लक्ष्य को पूर्ण करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री चौहान के आगमन पर जिला अध्यक्ष सेवादास पटेल लोकसभा चुनाव संयोजक हरीश कोटवाले, लोकसभा प्रभारी कल्याण अग्रवाल, जिला महामंत्री राजेश तिवारी, महापौर अमृता अमर यादव, विधायक कंचन मुकेश तनवे, जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी सुदेश वानखेडे आदि ने अभिनंदन किया।

---

प्लेटफार्म नंबर 1 से ट्रेनों का संचालन बंद

## नवीन 6 नंबर प्लेटफार्म से शुरू हुआ ट्रेनों का संचालन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

रेलवे स्टेशन पर 22 साल पुराने प्लेटफार्म नंबर एक पर बने कंक्रीट बेस रेलवे ट्रैक को हटाने का काम गुरुवार से शुरू हो गया। रेलवे के आदेश पत्र अनुसार 9 से 26 मई तक इस ट्रैक पर निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसके चलते प्लेटफार्म नंबर 1 पर भुसावल की ओर जाने वाली सभी गाड़ियां को अब प्लेटफार्म नंबर 6 से संचालित किया जा रहा है। रेलवे सलाहकार समिति के पूर्व सदस्य सुनील जैन ने बताया कि गुरुवार सुबह 11 बजे ब्लॉक के बाद पहली ट्रेन संख्या 12628 नई दिल्ली बेंगलुरु कर्नाटक एक्सप्रेस पहुंची और भुसावल तरफ जाने वाली यात्री इस ट्रेन में बैठे। वहीं प्लेटफार्म नंबर 1 के रेलवे ट्रैक को उखाड़ने का कार्य गुरुवार सुबह 9 बजे से शुरू किया। रेलवे यहां पूर्व में बने कंक्रीट के वॉशिंग अप्रेन को हटाकर इसका पुनः अर्थ वर्क कर नया ट्रैक बिछाएगा।

**रेलवे प्रशासन के आदेश के साथ ही ट्रैक को उखाड़ने का काम शुरू किया**

वर्तमान में लगे कंक्रीट बेस लंबे समय से जगह-जगह क्षतिग्रस्त होने एवं धसने के कारण रेलवे को ट्रेन की गति नियंत्रण को सुरक्षित करने के लिए इसमें सुधार करना आवश्यक था। इसको लेकर रेलवे में 18 दिन का ब्लॉक प्लेटफार्म पर लेकर काम शुरू कर दिया है। इसके कारण प्लेटफार्म नंबर एक पर आने वाली सभी गाड़ियों को अगले 18 दिनों तक प्लेटफार्म नंबर 6 से चलाया जाएगा। हालांकि प्लेटफार्म नंबर 6 पर रेल यात्री सुविधाओं की कमियों के कारण रेल यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इस मौके पर पूर्व रेल समिति सदस्य मनोज सोनी और सुनील जैन ने स्टेशन पहुंचकर 6 नंबर प्लेटफार्म की व्यवस्थाओं को देखा और रेल अधिकारियों से चर्चा की। उनसे आग्रह किया कि इस ब्लॉक के दरमियान रेल यात्रियों को कोई परेशानी नहीं हो। स्टेशन प्रबंधक अरविंद शाह ने बताया कि ट्रैक की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए सुधार कार्य एवं ट्रैक का नवीनीकरण करना आवश्यक था जिसका कार्य रेलवे ने प्रारंभ कर दिया है रेलवे की कोशिश है जल्द से जल्द इस कार्य को संपन्न किया जाएगा। प्लेटफार्म नंबर 6 पर अधिक से अधिक रेल यात्री सुविधाओं को मुहैया करने के लिए रेल प्रशासन 24 घंटे मुस्तेद रहेगा ।यहां पानी की सुविधा खानपान ,बिजली पुलिस की सुरक्षा सहित अन्य यात्री सुविधाओं को मुहैया करने का पूरी जिम्मेदारी से प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान भुसावल मंडल से डिविजनल इंजीनियर नॉर्थ पंचम जाटव तथा एडीईएन एच ओ मीना सहित कर्मचारी मौजूद थे।

---

अक्षय तृतीया के दिन कौड़ी खरीदना माना जाता है शुभ

## कई शुभ योगों की साक्षी में आज अक्षय तृतीया मुहूर्त : आचार्य अंकित मार्कण्डेय



**खंडवा।** वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया अक्षय तृतीया के रूप में मनाई जाती है। आज कई शुभ योगों की साक्षी में यह पर्व मनाया जायेगा। अक्षय तृतीया पर किए गया पूजन, दान, खरीदारी का फल भी अक्षय हो जाता है। मां शीतला संस्कृत पाठशाला के आचार्य अंकित मार्कण्डेय ने बताया कि इस बार गजकेसरी योग, रवि योग के साथ आन्नदादि मित्र मानस योग और शुक्र रोहिणी योग का महा संयोग बन रहा है, जो अत्यंत शुभकारी रहेगा। अक्षय तृतीया के दिन वृषभ राशि में चंद्रमा गुरु की युति होने से यह बेहद खास दिन बन गया है। जिससे गजकेसरी राजयोग का निर्माण हुआ है। इस योग में किए गए धार्मिक कार्य से लाभ प्राप्त होगा साथ ही उच्च पद वृद्धि कराने वाले माने गए हैं। वैसे भी धर्मशास्त्र की मान्यता के अनुसार अक्षय तृतीया पर किए गए स्वर्ण ,रजत, वस्त्र भूमि ,अन्नदान का पुण्य कभी क्षय नहीं होता है। सदा बढ़ते रहता है।

अक्षय तृतीया को अबूझ मुहूर्त माना गया है। यानी इस तिथि पर बिना मुहूर्त का विचार किए कोई भी शुभ और मांगलिक कार्य किया जा सकता है। अक्षय तृतीया पर पूजा और दान करने पर अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। अक्षय तृतीया पर सोने-चांदी से बने आभूषणों को खरीदना भी शुभ है। किसी भी प्रकार की खरीदारी करना शुभ माना गया है। बिना मुहूर्त का मुहूर्त है यह दिन। अक्षय तृतीया के दिन कौड़ी खरीदना भी शुभ माना जाता है। मान्यता है कि मां लक्ष्मी को कौड़ी अति प्रिय है। अक्षय तृतीया के दिन 11 कौड़ी खरीदें और एक लाल रंग के कपड़े में बांधकर या ऐसे ही मां लक्ष्मी को अर्पित करें। फिर चतुर्थी के दिन इन उठाकर तिजोरी, अलमारी या फिर धन वाले स्थान में रख लें। ऐसा करने से मां लक्ष्मी की कृपा सदा बनी रहेगी। भगवान का पूजन अर्चन करने से अनुष्ठान का विशेष फल प्राप्त होगा। अक्षय तृतीया को अबूझ मुहूर्त कहा जाता है, लेकिन इस बार गुरु व शुक्र का तारा अस्त होने से विवाह आदि मांगलिक कार्य के शुभ मुहूर्त नही है। अक्षय तृतीया पर शुक्रवार का दिन व रोहिणी नक्षत्र होने से शुक्र रोहिणी योग बन रहा है। धर्मशास्त्र के अनुसार किसी बड़े पर्व पर इस प्रकार के योग बनते हैं, तो शुभता में वृद्धि होती है। इस प्रकार के योगों में नर्मदा गंगा स्नान, दान, करने का विशेष फल प्राप्त होता है। इस दिन जल से भरे हुए मटके का दान करने का विशेष महत्व है। वैशाख में जल पिलाने का भी बड़ा महत्व है।

### एग्जिट पोल व इसके परिणाम का प्रकाशन या प्रचार एक जून तक पूर्णतः प्रतिबंधित

**खंडवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 की आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान 1 जून की शाम 6:30 बजे तक निर्वाचन के संबंध में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इसके परिणाम का प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से इसका प्रचार-प्रसार करने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 28 मार्च, 2024 को इस आशय की अधिसूचना जारी कर दी गई थी। जारी अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि निर्वाचन के दौरान सभी मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घण्टों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामलों के प्रदर्शन पर भी पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। उल्लेखनीय है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126क में यह प्रावधानित किया गया है कि कोई भी व्यक्ति, कोई निर्गम मत सर्वेक्षण नहीं करेगा और किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम का ऐसी अवधि के दौरान, जो निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचित की जाए, प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशन या प्रचार या किसी भी प्रकार की अन्य रीति से प्रसार भी नहीं करेगा। यदि कोई व्यक्ति इस प्रावधान का उल्लंघन करेगा, तो वह ऐसी अवधि के कारावास से, जो दो वर्ष तक की हो सकेगी या जुर्माने से या दोनों से, दण्डनीय होगा।

---

## ओंकारेश्वर में आज से प्रारंभ होगा पंचदिवसीय आचार्य शंकर प्रकटोत्सव

### प्रतिदिन वैदिक अनुष्ठान के साथ 'ब्रह्मोत्सव' में होंगे संतों के प्रबोधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

आचार्य शंकर प्रकटोत्सव के अवसर पर आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास, संस्कृति विभाग मप्र शासन द्वारा एकात्म धाम, ओंकारेश्वर में पंचदिवसीय आचार्य शंकर प्रकटोत्सव 'एकात्म पर्व' का आयोजन 9 से 13 मई तक किया जा रहा है। इस दौरान भारत की दिव्य सन्यास परंपरा और आर्ष चिंतकों तथा विशिष्टजनों की गरिमामय सन्निधि में महर्षि सांदीपनि वेद विद्या प्रतिष्ठान उज्जैन द्वारा प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से वैदिक अनुष्ठान, आचार्य शंकर विरचित ग्रंथों का पारायण संपन्न होगा।

प्रतिदिन शाम 6 से 8 बजे तक आयोजित होने वाले ब्रह्मोत्सव में अखण्ड परम धाम, हरिद्वार के संस्थापक पूज्य युगपुरुष स्वामी परमानन्द गिरि, श्रीपंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के महामंडलेश्वर स्वामी चिदम्बरानन्द सरस्वती, श्री प्रणव अखंड वेदान्त आश्रम, इंदौर के महामंडलेश्वर पूज्य स्वामी प्रणवानंद सरस्वती, दत्तात्रेय आश्रम, मोटक्का, ओंकारेश्वर के महामंडलेश्वर पूज्य स्वामी विवेकानन्द पुरी, मृत्युञ्जय आश्रम,



अमरकंटक के महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानन्द सरस्वती , आर्ष विद्या भारती, इन्दौर के प्रमुख, स्वामी ऐश्वर्यानन्द सरस्वती, सप्तमातृका आश्रम, महेश्वर के पीठाधीश्वर स्वामी समानन्द गिरि, दक्षिणामूर्ति मठ, वाराणसी के प्रमुख स्वामी पुण्यानन्द गिरि, मार्कण्डेय संन्यास आश्रम, ओंकारेश्वर के पीठाधीश्वर स्वामी प्रणवानन्द सरस्वती , नजरनिहाल आश्रम, ओंकारेश्वर के महामंडलेश्वर स्वामी नर्मदानन्द, षड्दर्शन सन्त मंडल, ओंकारेश्वर के अध्यक्ष स्वामी मस्तगिरि, निर्वाणी अखाड़ा, ओंकारेश्वर के पीठाधीश्वर स्वामी कैलाश भारती, एकात्म धाम, ओंकारेश्वर के आवासीय आचार्य स्वामी भूमानन्द सरस्वती, सप्तमातृका आश्रम, महेश्वर के स्वामी आशुतोष भारती सहित नगर के पूज्य संतो की दिव्य सन्निधि में संपन्न होगा। प्रतिदिन कार्यक्रम में श्रृंगेरी, कर्नाटक से आमंत्रित 'श्रृंगेरी सिस्टर्स ' आचार्य शंकर स्त्रोतों का गायन करेंगी।

**नगर में होगा उत्सव सा वातावरण**

12 मई को शंकर जयंती के अवसर पर पूरे नगर में प्रातः 7:30 बजे से मंगल शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। आयोजन की तैयारी हेतु आज महानिर्माणी अखाड़ा, ओम्कारेश्वर में नगर के संतों एवं विशिष्टजनों की उपस्थिति में महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसमें ओंकारेश्वर षड्दर्शन संत मंडल के संतजन सहित आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास, संस्कृति विभाग, मप्र शासन तथा खंडवा जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।

---

रतन किशोर सह न्यासी बने

## गायत्री परिवार ट्रस्ट के मुख्य न्यासी बने ऋषि पारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

अखिल विश्व गायत्री परिवार के अंतर्गत हरदा शक्तिपीठ के ट्रस्ट मंडल गायत्री परिवार ट्रस्ट हरदा का कार्यकाल पूर्ण होने प्रस्ताव पारित किया गया। संवैधानिक रीति नीति अनुसार सभी न्यासियों द्वारा स्वेच्छा से त्यागपत्र देते हुए न्यास के संविधानिक नियमों के अनुसार न्यास का पुनर्गठन कर सर्वसम्मति से मुख्य न्यासी के रूप में ऋषि कुमार पारे, सह न्यासी के रूप में रतन किशोर अग्रवाल (501) तथा अन्य समिति सदस्यों के रूप में शिवराम चौहान, देवीदास काकडे, ग्यारसराम गौर, कुसुम गौर, साधना गौर, संतोष कुमार मालवीय,श्रीमती प्रज्ञा अग्रवाल, को मनोनीत किया गया।

सर्वप्रथम साधारण बैठक में पूर्व मुख्य न्यासी सियाराम गौर, गणेश आंजने, कुसुम गौर, साधना गौर व समिति के सभी सदस्यों द्वारा विधिवत संवैधानिक रूप से त्यागपत्र दिया गया। गायत्री परिवार ट्रस्ट हरदा का पुनर्गठन किया गया। इस अवसर पर शोभा काशीव, आर बी एस चौधरी, चंद्रशेखर टिकरिया, गणेश प्रसाद आंजने, सियाराम गौर, प्रभुदयाल गौर, बृजेश मालवीय, शैलेन्द्र पाराशर, लता मालवीय, सरिता मालवीय, किरण गौर आदि की उपस्थिति में नव नियुक्त ट्रस्ट मंडल के सदस्यों द्वारा गायत्री माता एवं गुरुदेव, माताजी के समक्ष संकल्प लिया गया। आगामी समय में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में संचालित समस्त गतिविधियों और कार्यक्रमों का संचालन करने के साथ-साथ गुरुदेव के विचारों का व्यापक प्रचार प्रसार करेंगे।

---

परशुराम जन्मोत्सव के तहत सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा जिले में हो रहे विभिन्न आयोजन

# दूसरों की जान बचाने 50 से ज्यादा लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

भगवान परशुराम जन्मोत्सव के एक दिन पहले सर्व ब्राह्मण समाज युवा संगठन एवं महिला संगठन के सदस्यों ने शहर के एक निजी नर्सिंग होम पर जाकर स्वैच्छिक ब्लड डोनेट किया। रक्दान करने वालों में 50 से अधिक युवा व मातृशक्ति शामिल रहे। इस अवसर कर सर्व ब्राह्मण समाज संगठन के जिलाध्यक्ष संदीप पुरोहित ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्त एक ऐसी वस्तु है जिसे लाखों, करोड़ों रुपए खर्च कर भी नहीं खरीदा जा सकता है। उसे सिर्फ दान में ही प्राप्त किया जा सकता है। रक्तदान करने वाले लोग दूसरे लोगों की जान बचा कर उन्हें नया जीवन प्रदान करते हैं। परशुराम जयंती के मौके पर युवा जिस तरह से उत्साहित होकर काफी संख्या में रक्तदान कर रहे हैं। यह समाज के लिए बहुत ही शुभ संकेत हैं। इस अवसर पर संगठन के महामंत्री सुनील तिवारी ने सपत्नीक रक्तदान किया। वहीं बीते तीन सालों से परशुराम जन्मोत्सव के दौरान रक्तदान करने वाली प्रीति शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण






समाज के युवा और महिलाओं के द्वारा जब भी किसी व्यक्ति को रक्त की जरूरत होती है। तो बिना धर्म और जाति को ध्यान में रखकर उस मरीज की मदद की जाती रही है। संगठन के वॉट्सऐप ग्रुपों पर जब किसी मरीज के लिए रक्त की आवश्यकता का मैसेज आता है तो संगठन से जुड़े सदस्य बिना किसी प्रचार या दिखावे के रक्तदान करते हैं। संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष आचार्य ओमप्रकाश पुरोहित ने कहा कि ने कहा कि हर व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। इससे किसी का जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है। वहीं सेवानिवृत्त सीएमएचओ डॉ के के नागवंशी ने कहा कि रक्तदान से किसी को डरने की आवश्यकता नहीं है। किसी भी तरह की कोई कमजोरी नहीं आती। रक्तदान करते रहने से हमारे शरीर का संतुलन बना रहता है, हमारे शरीर से कई बीमारियों का खतरा दूर रहता है।

मालूम हो कि बुधवार से चार दिवसीय भगवान परशुराम जन्मोत्सव की शुरुआत कर दी है। शहर की बाबीसा ब्राह्मण समाज धर्मशाला में महिला संगठन के तत्वावधान में विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन किए गए। इस दौरान मुख्य कार्यकारिणी सहित अतिथियों ने भगवान परशुराम का पूजन कर परशुराम जन्मोसव की शुरुआत की। इस दौरान तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता, बंदनवार प्रतियोगिता, नृत्य प्रतिगोगिताएं आयोजित की गई। कार्यक्रम में वर्षा त्रिपाठी, रेखा चौबे, संचिता व्यास,शर्मिला शर्मा, ममता रिछारिया टिमरनी, संगीता काशिव टिमरनी ने निर्णायक भी भूमिका निभाई। भाषण में योगमाया शर्मा ने पहला, नेहा अवस्थी दूसरा व शानू शर्मा ने तीसरा स्थान हासिल किया। बंदनवार प्रतियोगिता में प्रथम मनीषा डाले,द्वितीय प्रियंका उपाध्याय व तृतीय अंकिता शर्मा रही। वहीं नृत्य प्रतियोगिता में डिंपल शर्मा, हेमा शर्मा,प्रियंका उपाध्याय, वंदना ओझा,ममता पाराशर की प्रस्तुति सराहनीय रही। कार्यक्रम में स्वागत भाषण महिला इकाई अध्यक्ष विनीता राजोरिया ने दिया। कार्यक्रम में शामिल मातृ शक्ति का आभार महिला इकाई सचिव अदिति गुरु ने माना।